जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित
बिलासपुर (छ0ग0) पिन : 495001
प्रधान कार्यालय - नेहरू चौक सहकार भवन

JILA SAHAKARI KENDRIYA BANK MYDT.
BILASPUR (C.G.) PIN : 495001
H.O. NEHRU CHOWK, SAHAKAR BHAVAN
Email ID – estb@jskbmbilaspur.bank.in

क./..1781../स्था./2026

बिलासपुर दिनांक 02/11/26

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बिलासपुर में सीधी भर्ती के अनुमति प्राप्त 44 पदों में से शेष रिक्त 14 पदों पर भर्ती हेतु दस्तावेजों के सत्यापन की विस्तृत सूचना

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर द्वारा दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञप्ति क्रमांक छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्रमांक 1974 दिनांक 04.09.2023 के आधार पर छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, अंबिकापुर एवं जगदलपुर में सहायक प्रबंधक (फील्ड आफिसर), कार्यालय सहायक, सामान्य सहायक एवं समिति प्रबंधक (नवीन संवर्ग) पद पर सीधी भर्ती के कुल 398 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा दिनांक 29.10.2023 को पूर्वान्ह में आयोजित की गई ।

उक्त भर्ती परीक्षा का परिणाम छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा दिनांक 04.12.2023 को घोषित किया गया। ऐसे अभ्यर्थी जो भाग-1 परीक्षा में न्यूनतम 50% अंक या उससे अधिक अंक अर्जित किये हैं, उन्हें पात्र मानते हुए उनके द्वारा लिखित परीक्षा (भाग-2) में प्राप्त कुल अंकों की मेरिट सूची का प्रकाशन छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर के वेबसाईट https://vyapam.cgstate.gov.in पद पर किया गया है।

छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर के पत्र क्रं.2196 दिनांक 23.07.2026 के द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, अम्बिकापुर एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जगदलपुर में अभ्यर्थीयों की नियुक्ति हेतु व्यापम द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में पात्र अभ्यर्थीयों की मेरिट सूची क्रमांक 381 से 450 कुल 70 अभ्यर्थीयों के दस्तावेज सत्यापन आमंत्रित किया गया। चयन उपरांत 11 अभ्यर्थी चयन हेतु प्रतिक्षारत होने का लेख कर 11 अभ्यर्थीयों की फाईल प्रेषित की गई है।

माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के विभिन्न प्रकरणों में पारित अंतरिम आदेशों के परिपालन में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बिलासपुर के सामान्य सहायक के 04 पद, समिति प्रबंधक(नवीन संवर्ग) के 10 पद कुल 14 पदों को रिक्त रख कर सीधी भर्ती के शेष 380 पदों पर संयुक्त रूप से चयन हेतु अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन एवं संयुक्त काउंसिलिंग की प्रक्रिया की गई। माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में प्रकरण क्रमांक **WPS No. 3346/2020** एवं अन्य प्रकरणों में संयुक्त रूप से पारित आदेश दिनांक 12.03.2025 के परिणामस्वरूप जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बिलासपुर में सामान्य सहायक के सीधी भर्ती हेतु पूर्व में रोके गये 04 पद एवं समिति प्रबंधक(नवीन संवर्ग) 10 पद कुल भर्ती हेतु 14 पद उपलब्ध हो गये हैं।

अतः सामान्य सहायक तथा समिति प्रबंधक (नवीन संवर्ग) के भर्ती हेतु शेष 14 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा की पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची में आने वाले अभ्यर्थियों को दस्तावेजों के सत्यापन/ परीक्षण के लिए निम्नानुसार आमंत्रित किया जाता है :-

Jila Sahakari Kendriya Bank Mydt. HEAD OFFICE Bilaspur (C.G.)

New Recruitment File

क्र.	अभ्यर्थी का नाम	लिखित परीक्षा में पात्र अभ्यर्थी के मेरिट सूची का क्रमांक
1	NARENDRA PATEL	437
2	YOGESHWAR	438
3	SHUBHAM JHA	439
4	MAHENDRA	440
5	NAKUL	443
6	TIKAM CHAND SAHU	444
7	RAMAN JAISWAL	446
8	NIKHIL KUMAR SAHU	447
9	MANISHA SAHU	448
10	RUPENDRA PATEL	449
11	ANURAG PATEL	450
12	PREETI AGRAWAL	451
13	PRADEEP CHOUDHARY	452
14	DINESH CHANDRA PATEL	453

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दस्तावेजों के सत्यापन हेतु दिनांक 23.11.2026 दिन सोमवार समय प्रातः 11:00 बजे सहकार भवन, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बिलासपुर, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.) में निर्धारित समय से आधा घण्टा पूर्व उपस्थित होवें। उक्त दस्तावेजों के सत्यापन की सूचना, अभ्यर्थियों को उनके द्वारा आवेदन फार्म में दर्ज किये गये पते पर रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की गई है। जिन अभ्यर्थियों को डाक द्वारा सूचना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है वे उपरोक्त तालिका अनुसार दस्तावेजों के परीक्षण हेतु आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें। यदि दस्तावेजों के परीक्षण हेतु उपरोक्त उल्लेखित तिथि पर अभ्यर्थी उपस्थित नहीं होते हैं तो उन्हें चयन हेतु अपात्र माना जायेगा।

दस्तावेजों के परीक्षण में अपात्र पाये जाने पर अभ्यर्थियों द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बिलासपुर के समक्ष दिनांक 27.11.2026 से दिनांक 30.11.2026 तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत की जा सकेंगी। निर्धारित तिथि के उपरांत दावा-आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी। दावा आपत्ति के निराकरण के उपरांत चयनित अभ्यर्थियों की सूची को बैंक के वेबसाईट में प्रकाशित की जाएगी साथ ही चयनित अभ्यर्थियों को सूचना पत्र पृथक से प्रेषित किया जावेगा।

Jila Sahakari Kendriya Bank Maryadit HEAD OFFICE Bilaspur (C.G.)

दस्तावेजों के सत्यापन हेतु निर्देश

सामान्य सहायक एवं समिति प्रबंधक (नवीन संवर्ग) के पद पर सीधी भर्ती हेतु अभ्यर्थियों की अर्हता की जांच हेतु आयु सीमा, शैक्षणिक अर्हता एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच एवं सत्यापन किया जाएगा।

उपरोक्त पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक अर्हता, आयु सीमा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच एवं सत्यापन हेतु निम्नानुसार दस्तावेजों की मूलप्रति तथा अभ्यर्थियों द्वारा स्वयं के द्वारा सत्यापित छायाप्रति (02 प्रति) मान्य होगी :-

(1.) बैंक द्वारा प्रेषित काल लेटर ।
(2.) ऑन लाईन आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र की मुद्रित प्रति ।
(3.) जन्मतिथि के प्रमाण हेतु दस्तावेज जैसेः जन्म प्रमाण पत्र, हाई स्कूल (10+2) प्रमाण पत्र जिससे जन्म तिथि प्रमाणित होती हो ।
(4.) आधार कार्ड एवं निवास के पते के सत्यापन के संबंध में प्रमाण-पत्र ।
(5.) नवीनतम रंगीन 04 फोटोग्राफ, पहचान पत्र सहित ।
(6.) बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा जारी शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र /अंकसूची की मूल प्रति।
(7.) आयु में छूट संबंधी छत्तीसगढ़ का मूल निवासी प्रमाण पत्र ।
(8.) अन्य विशेष वर्गों के लिए अधिकतम आयु सीमा में छूट संबंधी प्रमाण पत्र।
(9.) उम्मीदवार यदि किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा/निगम/मण्डल/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/स्वशासी संस्था में कार्यरत है तो नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र ।
(10.) अन्य ऐसे प्रमाण पत्र/दस्तावेज जिन्हें सत्यापन में प्रस्तुत किया जा सकता हो ।

दस्तावेजों के सत्यापन में अभ्यर्थियों के अलावा अन्य व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। मोबाइल, लैपटाप एवं अन्य गैजेट्स रखने की अनुमति नहीं होगी। विस्तृत विज्ञापन में वर्णित पदवार शैक्षणिक अर्हताएं एवं अन्य शर्तें पूरी नहीं करने की स्थिति पर अभ्यर्थी को चयन हेतु अयोग्य माना जावेगा, तद्नुसार चयन हेतु पात्र नहीं होंगे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

Jila Sahakari Kendriya Bank Mryd. HEAD OFFICE Bilaspur (C.G.)